गौठानों के प्रबंधन चुस्त-दुरूस्त बनाने के लिये एक फरवरी से पशुपालन विभाग चलाएगा विशेष अभियान

चर्चा में क्यों?

18 जनवरी, 2023 को छत्तीसगढ़ के कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह ने मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को गाँवों में बनाए गए गौठानों से गौ-मूत्र की खरीदी और मल्टीयुटीलिटी सेंटर सहित अन्य सुविधाओं को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से एक फरवरी से विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये।

प्रमुख बिंदु

- कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह ने कहा कि सभी गाँवों में पशुपालन विभाग के अधिकारी भ्रमण कर गौठानों में पशुओं के लिये डे-केयर की व्यवस्था, पशुओं के लिये चारे का प्रबंध सहित गौठानों के संचालन व्यवस्था का अवलोकन करेंगे।
- उन्होंने कहा कि मैदानी अमले द्वारा यह देखा जाए कि गौठानों में आने वाले पशुओं के लिये चारा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो। वे किसानों को पैरादान करने के लिये प्रेरित करें साथ ही दान किये गए पैरा को गौठान प्रबंधन समिति के माध्यम से गौठानों तक पहुँचाना सुनिश्चित करें।
- डॉ. कमलप्रीत ने अधिकारियों से कहा कि देशी गायों के नस्ल सुधार से ही पशुओं की उत्पादकता में वृद्धि संभव हैं, अत: पशु नस्ल सुधार कार्य में आशातीत प्रगति लाई जाए। उन्होंने कहा कि राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना अंतर्गत कलस्टर में मिल्क रूट पर डेयरी इकाईयाँ स्वीकृत करें।
- डॉ. सिंह ने पशु चिकित्सक विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे विभाग के अंतर्गत योजनाओं के भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य फरवरी तक पूर्ण करें। योजनाओं का क्रियान्वयन कलस्टर बनाकर करें एवं भविष्य में तिमाही लक्ष्य तय कर पूर्ण उपलब्धि सुनिश्चित की जाए।
- बैठक में पशुओं में लंपी डिसीज के संक्रमण की रोकथाम के लिये विभागीय अमले के कार्यों और गलघोटू, एकटंगिया, खुरा पका की रोकथाम हेतु संपादित टीकाकरण कार्य की भी सराहना की गई।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/the-animal-husbandry-department-will-run-a-special-campaign-from-february-1-to-make-the-management-of-gothans-tight